दिन– रविवार

दिनांक– 10 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेनाओं की सफलता में उन्नत तकनीक और रक्षा के क्षेत्र में मेक इन इंडिया की अहम भूमिका।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत एक करोड़ से अधिक लाभुकों के बीच एक हजार दो सौ सैंतालीस करोड़ रूपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की।

03. गंगा, पुनपुन, बूढ़ी गंडक, घाघरा और कोसी समेत प्रदेश की विभिन्न नदियां खतरे के निशान से ऊपर। बाढ़ से तेरह जिलों में दस लाख से अधिक की आबादी प्रभावित।

04. और, एशिया रग्बी अंडर– ट्वेंटी चैंपियनशिप में भारतीय महिला टीम ने उज्बेकिस्तान को हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में हांगकांग और महिला वर्ग में चीन ने खिताब पर कब्जा जमाया।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेनाओं की सफलता के पीछे बहुत बड़ी वजह हमारी उन्नत तकनीक और रक्षा के क्षेत्र में मेक इन इंडिया की ताकत है। श्री मोदी आज कर्नाटक के बेंगलुरू में तीन वंदे भारत ट्रेनों के परिचालन को हरी झंडी दिखाने के बाद आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत की नई ताकत को अच्छी तरह पहचानती है।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि साफ नीयत और सरकार की ईमानदार कोशिश से भारत आज प्रत्येक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त कर रहा है।

–––बाइट–––

श्री मोदी ने कहा कि आज दुनिया का पचास प्रतिशत से अधिक लेन–देन भारत में यूपीआई के माध्यम से हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार देश में डिजिटल तकनीक का लाभ समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

–––बाइट–––

---

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि राज्य में चल रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान के नौ दिनों बाद भी राजनीतिक दलों से अब तक कोई दावा–आपत्ति नहीं मिली है। आयोग ने कहा है कि जिन मतदाताओं का नाम एक अगस्त को प्रकाशित मतदाता सूची प्रारूप में शामिल नहीं है, वे एक सितम्बर तक दावा–आपत्ति के लिए आवेदन दे सकते हैं। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन तीस सितम्बर को किया जाएगा।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर आरोप लगाते हुए कहा है कि उन्हें संविधान का ज्ञान नहीं है। श्री सिंह ने आज बेगूसराय में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि चुनाव आयोग पर सवाल उठाने वाले राहुल गांधी को पहले सूची में गड़बड़ी का सबूत देना चाहिए।

–––बाइट–––

---

राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा पर दो अलग–अलग इपिक नंबर रखने का आरोप लगाया है। श्री यादव ने आज पटना में संवददाताओं से बातचीत में कहा कि उप मुख्यमंत्री का इपिक नम्बर लखीसराय विधानसभा के साथ बांकीपुर, पटना में भी दर्ज है।

–––बाइट–––

---

इधर, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने तेजस्वी प्रसाद यादव के आरोपों पर सफाई देते हुए कहा कि वे वर्ष दो हजार चौबीस में ही लखीसराय में नाम जुड़वाने और बांकीपुर से नाम हटाने का आवेदन दे चुके हैं। श्री सिन्हा ने कहा कि तेजस्वी यादव जानबूझकर गलत तथ्यों से संवैधानिक संस्थाओं की छवि धूमिल कर रहे हैं।

–––बाइट–––

---

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने तेजस्वी प्रसाद यादव के आरोप पर कहा कि चुनाव आयोग इन्हीं गलतियों को ठीक करने के लिए एसआईआर की प्रक्रिया का उपयोग कर रहा है। श्री पासवान ने विपक्षी दलों पर संवैधानिक संस्थाओं के अस्तित्व को समाप्त करने का आरोप लगाया।

———बाइट———

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत एक करोड़ बारह लाख से अधिक लाभुकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से एक हजार दो सौ सैंतालीस करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की। इस योजना के तहत प्रत्येक लाभार्थी को ग्यारह—ग्यारह सौ रुपये की पेंशन राशि अंतरित की गयी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जून महीने से सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत वृद्धजनों, दिव्यांगों और विधवा महिलाओं को हर माह मिलने वाली पेंशन की राशि चार सौ रुपये से बढ़ाकर ग्यारह सौ रुपये प्रतिमाह कर दी गयी है। इससे इस योजना के लाभार्थियों को बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा के साथ समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी भी शामिल थे।

———————————————————

एशिया रग्बी के अंडर—ट्वेंटी के पुरुष वर्ग के खिताबी टक्कर में हांगकांग ने श्रीलंका को हराकर चैंपियनशिप पर कब्जा जमा लिया है। राजगीर के अंतरर्राष्ट्रीय खेल परिसर में अब से थोड़ी देर पहले खेले गये फाइनल में हांगकांग ने एकतरफा मुकाबले में श्रीलंका को तैंतीस—शून्य से हराया। वहीं, महिला वर्ग के फाइनल में चीन ने हांगकांग को हराया। इधर, भारतीय महिला टीम ने उजबेकिस्तान को हराकर तीसरे स्थान पर कब्जा जमाया। भूमिका शुक्ला के नेतृत्व वाली भारतीय महिला टीम ने कांटे की टक्कर में पांच के मुकाबले बारह अंकों से उजबेक टीम को हराया। वहीं, पुरुष वर्ग में मलेशिया ने चीन को हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इससे पहले पुरुषों के मुकाबलों में भारतीय टीम ने कजाकिस्तान को पराजित कर पांचवां स्थान प्राप्त किया।

———————————————————

मानूसन की सक्रियता से राज्य के अधिकतर भागों में मध्यम से भारी वर्षा का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से मिली रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान कटिहार, शेखपुरा और नालंदा जिले के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा दर्ज की गयी। वहीं, राज्य के शेष भागों में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विज्ञान केंद, पटना की ओर से अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गयी है।

———बाइट———

---

प्रदेश से होकर गुजरने वाली प्रमुख नदियों के जलस्तर में लगातार बढ़ोत्तरी का सिलसिला जारी है। गंगा, पुनपुन, बूढ़ी गंडक, घाघरा और कोसी समेत कई नदियां विभिन्न स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। केंद्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर पटना के गांधी घाट में खतरे के निशान से एक सौ उनतीस सेंटिमीटर ऊपर थी। वहीं, हाथीदह में गंगा नदी खतरे के निशान से एक सौ सैंतीस सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। भागलपुर जिले के कहलगांव में गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से एक सौ पैंसठ सेंटीमीटर ऊपर था, इसके जलस्तर में आज रात दस बजे तक सोलह सेंटीमीटर की वृद्धि की संभावना है। इधर, खगड़िया में बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर खतरे के निशान से दो सौ दस सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया है। वहीं, मुजफ्फरपुर जिले के बेनीबाद में बागमती नदी का जलस्तर खतरे के निशान से एक सौ छह सेंटीमीटर ऊपर है। कटिहार जिले के कुर्सेला में कोसी नदी का जलस्तर खतरे के निशान से एक सौ पैंतीस सेंटीमीटर ऊपर रिकॉर्ड किया गया है।

---

इधर, विभिन्न नदियों में भारी उफान के कारण पटना, भोजपुर, कटिहार और शेखपुरा समेत कई जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गयी है। बाढ़ से तेरह जिलों में दस लाख से अधिक की आबादी प्रभावित है। गंगा नदी में उफान से पटना जिले के दियारा इलाके में बाढ़ की स्थिति गम्भीर बनी हुई है। दानापुर के पुरानी पानापुर, कासिमचक, हेतनपुर, गंगहारा, पतलापुर, मानस और अकीलपुर पंचायत के विभिन्न गांव बाढ़ की चपेट में हैं। पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने गंगा के बढ़ते जलस्तर

को लेकर पटना के जिलाधिकारी त्यागराजन एस.एम. से जानकारी ली और प्रशासन को प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य तेज करने को कहा।

कटिहार से हमारे संवाददाता ने बताया है कि गंगा और कोसी समेत अन्य नदियों के जलस्तर में वृद्धि से बीस से अधिक पंचायतों की आबादी प्रभावित हुई है।

---रिपोर्ट---

कटिहार जिला में गंगा, कोसी, बरंडी और कारीकोसी नदी के जलस्तर में वृद्धि से कुर्सेला, बरारी, मनसाही, मनिहारी, अमदाबाद और प्राणपुर अचलों की 28 पंचायतों की आबादी प्रभावित हुई है। प्रशासन की ओर से प्रभावित क्षेत्रों में तिरेपन नाव चलाई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से अब तक 591 लोगों का इलाज किया जा चुका है। प्रभावित अंचलों के तीस आंगबाड़ी केंद्रों और 49 स्कूलों को ऊँचे स्थानों पर शिफ़्ट किया गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए कटिहार से कुमार मुकेश चौधरी।

भोजपुर में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन की ओर से राहत और बचाव कार्य तेजी से चलाया जा रहा है।

---रिपोर्ट---

भोजपुर के जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देश पर जिला प्रशासन बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य में जुटा हुआ है। जिला प्रशासन की ओर से बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में बचाव अभियान, चिकित्सा सेवाएं, राहत सामग्री वितरण और निःशुल्क नाव का संचालन किया जा रहा है। वहीं बड़हरा अंचल के नेकनाम टोला बांध पर बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच पॉलीथिन शीट का वितरण किया गया। आकाशवाणी समाचार के लिए भोजुपर से मुकेश कुमार सिन्हा।

शेखपुरा से हमारे संवाददाता ने बताया है कि बाढ़ से घाटकुसुंभा प्रखंड के विभिन्न गांवों में आवगमन ठप हो गया है। जिला प्रशासन की ओर से प्रभावित क्षेत्रों में नाव का संचालन किया जा रहा है।

---रिपोर्ट---

शेखपुरा जिले के घाटकुसुंभा प्रखंड से गुजरने वाली गंगा की सहायक हरोहर नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। प्रखंड क्षेत्र के पानापुर, जितवारपुर, प्राणपुर और आलापुर गांव में बाढ़ से आवागमन ठप्प है। जिला प्रशासन की ओर से 7 नावों का संचालन किया जा रहा है। एडीएम लखींद्र पासवान ने आज बाढ़ प्रभावित घाटकुसुंभा प्रखंड का दौरा कर राहत कार्यों का जायजा लिया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलंत वाहन द्वारा लोगों को दवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए शेखपुरा से निरंजन कुमार।

इधर, बेगूसराय से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में अलग-अलग स्थानों में बाढ़ के पानी में डूबने से सात लोगों की मौत हो गई।

---

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग-एनएचआरसी ने जहानाबाद जिले के शकुराबाद इलाके में एक छात्रा को उसके आवासीय विद्यालय के रसोइए से खाना मांगने पर गर्म करछुल से दागने के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने जहानाबाद के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को दो सप्ताह के अंदर विस्तृत रिपोर्ट देने के लिए नोटिस जारी किया है। आयोग ने घायल छात्रा की स्वास्थ्य स्थिति की रिपोर्ट भी देने को कहा है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेनाओं की सफलता में उन्नत तकनीक और रक्षा के क्षेत्र में मेक इन इंडिया की अहम भूमिका।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत एक करोड़ से अधिक लाभुकों के बीच एक हजार दो सौ सैंतालीस करोड़ रूपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की।

03. गंगा, पुनपुन, बूढ़ी गंडक, घाघरा और कोसी समेत प्रदेश की विभिन्न नदियां खतरे के निशान से ऊपर। बाढ़ से तेरह जिलों में दस लाख से अधिक की आबादी प्रभावित।

04. और, एशिया रग्बी अंडर– ट्वेंटी चैंपियनशिप में भारतीय महिला टीम ने उज्बेकिस्तान को हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में हांगकांग और महिला वर्ग में चीन ने खिताब पर कब्जा जमाया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।